तत्काल/अत्यावश्यक

म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26—अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल.

क्रमांक/बी—6/नियमन/43/पार्ट-2/936 भोपाल,दिनांक: 4/01/2014

प्रति,

संयुक्त संचालक/उपसंचालक,
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय...........................

विषयः—अधिसूचित कृषि जिन्स "कपास" के संदर्भ में नियमन व्यवस्था बावत्।

उपरोक्त विषय संदर्भ में दिनांक 30.12.2013 को मुख्यालय में सम्पन्न हुई बैठक में प्रबंध संचालक महोदय के द्वारा आपको व्यक्त मंशा का स्मरण् करें।

जैसा कि आप सभी को ज्ञात है कि म0प्र0 कृषि उपज मंडी अधिनियम् में यह स्पष्ट रूप से प्रावधानित है कि अधिसूचित कृषि उपज का प्राथमिक विक्रय मंडी प्रांगण/ उप मंडी प्रांगण/ मंडी या बोर्ड के द्वारा विनिर्दिष्ट स्थल पर ही सम्पन्न कराया जावेगा।

अधिसूचित कृषि जिन्स "कपास" के उपरोक्त उल्लेखानुसार प्राथमिक विक्रय सम्पन्न कराने के उपरान्त तौल के संदर्भ में उपविधि सन् 2000 के अध्याय—4 की कंडिका 18 (6) में निम्नानुसार प्रावधानित है :—

"कपास के प्रत्येक क्रेता के लिए उसके द्वारा क्रय की गयी कपास की तौल स्वयं के द्वारा स्थापित अथवा मंडी समिति द्वारा स्थापित अथवा मंडी समिति द्वारा अनुज्ञप्त अन्य व्यक्ति या संस्था द्वारा स्थापित इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे पर कराना अनिवार्य होगा। ....."

अतः उपविधि में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनिवार्य है कि कृषि उपज मंडी समितियों के द्वारा यह सुनिश्चित किया जायें कि अधिसूचित कृषि जिन्स "कपास" का घोष विक्रय मंडी प्रांगण/ उप मंडी प्रांगण/ मंडी या बोर्ड के द्वारा विनिर्दिष्ट स्थल पर ही सम्पन्न कराने के बाद ही मंडी समिति द्वारा निर्धारित/अनुज्ञप्त इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे पर भेजा जाये।

अतः विषय संदर्भ में आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आपके आंचल की कृषि उपज मंडी समितियों में कपास का उपरोक्तानुसार विक्रय एवं तौल सुनिश्चित कराने के साथ ही लायसेंसी जिनिंग फेक्ट्रीयो का नियमित साप्ताहिक/पाक्षिक औचक निरीक्षण अवश्य कराया जाये जिससे मंडी फीस अपवंचन की संभावनाओं पर प्रभावी रोक लग सके।

उपरोक्त कार्यवाही तत्काल एवं निरन्तर करायी जावे।

(प्रबंध संचालक महोदय के निर्देशानुसार)

अपर संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–6/नियमन/43/पार्ट-2/937 भोपाल,दिनांक: 4/01/2014

1– निज सहायक, प्रबंध संचालक, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।

अपर संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल